संख्या-414/2021/693ई/23-11-2021-1/2(135)/2021

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 09 अगस्त, 2021**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गो पर प्रवेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण योजना के 04 चालू कार्यो पर आवंटित धनराशि के सापेक्ष लैप्स धनराशि का पुन: आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-2967बी0जी0/7बी0-मांग/2021-22, दिनांक 12-07-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गो पर प्रवेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण योजनान्तर्गत अधोलिखित तालिका में अंकित 04 कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 में अवमुक्त की गयी धनराशि के कोषागार से आहरित न हो पाने के कारण उक्त लैप्स धनराशि रू0 140.00 लाख (रूपये एक करोड़ चालीस लाख मात्र) को वित्तीय वर्ष 2021-22 में निम्नलिखित विवरणानुसार/शर्तो के अधीन पुन: अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	कार्य का विवरण	स्वीकृत लागत	अवमुक्त धनराशि का शासनादेश संख्या व दिनांक	वित्तीय वर्ष 2020-21 में अवमुक्त धनराशि	वित्तीय वर्ष 2020-21 में कोषागार से आहरित न हो पाने के कारण लैप्स धनराशि	वित्तीय वर्ष 2020-21 में व्यपगत धनराशि की वित्तीय वर्ष 2021-22 में पुन: आवंटन हेतु क्षेत्र से प्राप्त मांग	वित्त वर्ष 2021-22 में आवंटन
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	नि0ख0 (भवन) गोरखपुर	विकास खण्ड कैम्पियरगंज के अन्तर्गत ग्राम सभा माधोपुर में हरैया परसिया पिच मार्ग से जगता माता मंदिर होते हुए बरईपास टोला व पंडित जीतिया पिच तक सम्पर्क मार्ग (ग्रामीण मार्ग) का निर्माण कार्य (लम्बाई 2.100 कि0मी0)।	166.63	105/2021/05 आ/23-11-2020-1/2(2)/21, दिनांक 10-02-2021	42.00	38.00	38.00	38.00
2	नि0ख0 (भवन) गोरखपुर	धार्मिक स्थल महुआसर (छोटा), महुआसर (बड़ा) के बीच स्थित समय माता मंदिर एवं सिंहरोरघाट सम्पर्क मार्ग (ग्रामीण मार्ग) का निर्माण कार्य (लम्बाई 2.10 कि0मी0)।	200.20	106/2021/282आ/23-11-2021-1/2(286)/2020, दिनांक 10-02-2021	50.00	45.00	45.00	45.00
3	नि0ख0 (भवन) गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में विकास खण्ड कैम्पियरगंज के अन्तर्गत प्रसिद्ध प्राचीन गौरीशंकर मंदिर के सौन्दर्यीकरण तथा एप्रोच मार्ग की पटरी पर इण्टरलॉकिंग का कार्य।	79.34	273/2021/153आ/23-11-2021-1/2(57)/2021, दिनांक 22-03-2021	24.00	20.00	20.00	20.00
4	नि0ख0 (भवन) गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में विकास खण्ड कैम्पियरगंज के अन्तर्गत मछलीगांव शिव मंदिर के भोला नगर से बरगदही होते हुए जनार्दन सिंह इण्टर कालेज तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य (लम्बाई 1.700 कि0मी0)।	132.54	273/2021/153आ/23-11-2021-1/2(57)/2021, दिनांक 22-03-2021	40.00	37.00	37.00	37.00
योग:-								140.00

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित किया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सम्परीक्षित लेखा निर्धारित समय-सीमा अन्तर्गत कार्यालय महालेखाकार एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) किसी भी स्थिति में कार्य एवं फण्डिंग की डुप्लीकेसी न होने दी जाये एवं समयान्तर्गत कार्य का पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(4) प्रदेश के कोषागारों में लागू चेक प्रणाली से भुगतान की पद्धति के सम्बन्ध में वित्त लेखा अनुभाग-1 के शासनादेश सं0- ए-1-1638/दस-99-10(28)/72, दिनांक 25.06.1999 एवं शासनादेश सं0-ए-1-1063/दस-87-10(28)/72, दिनांक 17.06.1989 में निहित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(5) भविष्य में चालू कार्यों पर आवंटित धनराशि का समय से उपभोग सुनिश्चित किया जाय और कोई भी धनराशि लैप्स न होने पाये।

(6) उपरोक्त परियोजना के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्यो पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-13-एकमुश्त व्यवस्था-1349-प्रदेश में महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गो पर प्रवेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण/सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य-24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-03/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22-03-2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या-414/2021/693ई(1)/23-11-2021-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
8- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
9- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
10- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
11- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
12- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in